# नरवाई जलाने वालों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

- प्रशासन की अनदेखी
- दो सौ से अधिक खेतों में जली नरवाई

सईद नादां

**बेगमगंज, 30 अप्रैल. पिछले वर्ष डेढ़ सौ स्थानों पर खेतों की नरवाई जलाने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं होने से इस वर्ष किसानों के हौसले इतने बुलंद हुए कि दो माह के अंदर 200 से अधिक स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनाओं ने तहसील में हाहाकार मचा दिया है.**

कई गांवों में नरवाई की आग बढ़ते -बढ़ते गांव के घरों तक पहुंच गई. वो तो गनीमत रही कि नगरपालिका बेगमगंज की फायर बिग्रेडों ने काबू पा लिया अन्यथा इतनी बड़ी अनहोनी होती कि जान-माल के भारी नुकसान से शासन -प्रशासन हिल जाता. मार्च में 32 एवं अप्रैल में अब तक 98 स्थानों पर खेतों की नरवाई में आग लगने



की घटनाएं हुईं.नगरपालिका की फायर टीम मशक्कत के साथ करीब डेढ़ सौ स्थानों पर बुझाने में सफल रही अन्यथा बड़ी घटनाओं से तहसील दहल जाती. किसानों को नोटिस तो दिए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

बेगमगंज तहसील में सेमरी नदी घाट हफसीलि रोड अदाणी पॉवर बिजली प्लांट के पास कामता हल्के भाई एवं माजिद के खेत में नरवाई जलाने से बड़ा हादसा टल गया. ग्राम सुमेर कुंजी लाल, हीरा लाल, भगवान सिंह सोलंकी, इमरान रियाज, हर्षवर्धन जैन एवं अन्य 20 किसानों ने अपने खेतों में नरवाई जलाई. कोलुआ खेजड़ा, बलराम खुमान साहू हफसीलि, चंद्रेश लोधी उमरखोह, सौरभ पटेल, नाहर गार्डन फतेहपुर, विजय पटेल, राहुल सिंह आलमपुर, जुनैद बेग सिलतिरा, प्रेम सिंह बसिया, रवि खरे खमरिया कला, संतोष रैकवार बड़ी मुडपार, हरदयालसिंह कुशवाहा बेरखेड़ी, मोहर सिंह चंदोरिया, धर्मेंद्र सिंह बड़गवां मकान, टपरा, पेड़ इत्यादि, बृजनाथ डांडिया, अनवार भेंसवाई कला, लाखन सिंह गेंहुरास, साहब सिंह, लाखन पटेल मढ़िया सेतू, महेंद्र साहू, मुन्ना लाल खिरिया सुकल राय, अचल माहेश्वरी डांडिया, लखन सिंह, पप्पू चतरा गेंहुरास, राजेन्द्र सिंह महुआखेड़ा, भरत सिंह नैनविलास, ब्रजभूषण श्रीवास्तव सगोनी रोड़, सुदीप जैन मडखेड़ा टप्पा, सुभम पटेल बाराह के खेत में भी नरवाई जलने की घटना हुई.

इसके अलावा रोहित पटेल पांडाझिर, संदीप यादव सुल्तानगंज तडा, सुनील पटेल करहोला, गनपत सिंह सुनेहरा, रामसिंह कोकलपुर, बृजेश सिंह लोधी खजूरिया बरामद गढ़ी, किशन लाल सगोनी गोसाई, प्रमोद पाल रहटवास, अरविंद गूजर महुना गूजर, सादाब हुसैन कल्याणपुर, चेतराम कोलुआ, लखन सिंह लोधी महुआखेड़ा कला के खेत में भी नरवाई में आग लगाई गई. इसी तरह अमोल सिंह खामखेड़ा, सचिन दांगी महगवां टप्पा, ब्रजकिशोर छोला वीरान, संदीप कुमार कोलुआ, जावेद अली बेरखेड़ी रोड़, मुन्ना लाल खिरेंटी, सौरभ सिंह गौर रहटवास, महेन्द्र सिंह हफसीलि, रूपसिंह कोहनियां, रविंद्र गूजर महुना, अनिल पांडे वीरपुर, कैलाश सिंह पीलपहाड़ी, बदन सिंह झिरिया ब.गढ़ी भूपेंद्र राजपूत चंदनहारी मो. अकरम बेगमगंज इत्यादि सहित ग्राम कटंगी, कोलूघाट मंदिर के पास, माला, हदाईपुर के पीछे, महगवां टप्पा, कछिया मढ़िया, महुआखेड़ा, गढोईपुर सेमरी घाट के पास सहित करीब 150 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनाओं पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया है. इन्हें नोटिस दिए गए हैं लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं होने से प्रतिदिन खेतों में नरवाई जलाने का सिलसिला जारी है.

**इनका कहना है**

किसानों को समझाइश दी जा रही है कि खेतों में नरवाई नहीं जलाएं

**प्रमोद उइके,** तहसीलदर

## थैलेसीमिया एवं सिकल सेल स्वास्थ्य शिविर लगेगा

**रायसेन, 30 अप्रैल.** थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए राहत की बड़ी खबर है. 16 मई को रायसेन के शगुन गार्डन, मुखर्जी नगर में एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं एचएलए टाइपिंग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन थैलेसीमिया जनजागरण समिति म.प्र. एवं कृष्णा एसोसिएट रायसेन द्वारा नारायणा हेल्थ सिटी बेंगलुरु व डीकेएमएस के सहयोग से किया जा रहा है. शिविर में बेंगलुरु के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. सुनील भट्ट नारायणा हृदयालय स्वयं उपस्थित रहेंगे और मरीजों को परामर्श के साथ मार्गदर्शन देंगे. समिति के सदस्यों ने बताया कि शिविर में डीकेएमएस द्वारा 12 वर्ष से कम उम्र के थैलेसीमिया एवं सिकल सेल ग्रसित बच्चों की नि:शुल्क एचएलए टाइपिंग जांच की जाएगी. यह जांच बच्चे के साथ-साथ उनके सगे भाई-बहन और माता-पिता की भी होगी, जो भविष्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट बीएमटी के लिए अत्यंत आवश्यक होती है.

# हत्या के सात दोषियों को आजीवन कारावास

- सामूहिक हमले में घायल की हो गई थी मौत
- 19 फरवरी 2023 को हुई थी घटना

**बेगमगंज, 30 अप्रैल. प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने बम्हौरी थाना क्षेत्र के चर्चित हत्या प्रकरण में सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. न्यायाधीश सविता ओगले ने फैसला सुनाते हुए आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया.**

घटना 19 दिसंबर 2023 की रात की है. फरियादी संदीप केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मामा लेखराम केवट के साथ गांव में सार्वजनिक नल के पास आरोपियों ने सामूहिक मारपीट की. हमले के दौरान लेखराम को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पीटा गया. बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी और उसके नाना के साथ भी मारपीट की गई. गंभीर रूप से घायल लेखराम को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

पुलिस जांच के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और चिकित्सीय साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी माना. न्यायालय ने रघुवीर, धर्मेंद्र, महेंद्र, प्रहलाद, गोपाल, धनीराम और शोभराम को हत्या सहित अन्य आरोपों में दोषी ठहराया. सभी को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया. दो आरोपियों को गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई गई.

अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि सामूहिक हमले से हुई मृत्यु गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है, ताकि समाज में कानून का सम्मान बना रहे.

# शिविर में 175 लोगों का हुआ परीक्षण

- 8 मरीज़ आंखों के ऑपरेशन के लिए रेफर

**सलामतपुर, 30 अप्रैल. वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को ग्राम पंचायत भवन सलामतपुर में नि:शुल्क आई चेकअप एवं सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में ग्राम के 175 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें आंखों की जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं.**

शिविर के दौरान 8 मरीजों को आंखों के ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया, जबकि 60 लोगों को चश्मे के नंबर प्रदान किए गए.अन्य सभी लाभार्थियों को




सामान्य जांच के साथ आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं.जिन व्यक्तियों को चश्मे के नंबर दिए गए हैं, उन्हें निशुल्क चश्मे बनवाकर उपलब्ध कराए जाएंगे.

कार्यक्रम में वेलस्पन फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर हरेंद्र सिकरवार, निवसीड संस्था के सुनील गांवड़े, रिंकू दुबे, ओमप्रकाश रायकवार एवं कार्यकर्ता पूजा कुशवाहा, अंजू पाल और मुस्कान खान उपस्थित रहे.इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव की भी उपस्थिति रही. उल्लेखनीय है कि इस शिविर का आयोजन निवसीड बचपन, भोपाल संस्था द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है.

## मणिकांत बने कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव

**उदयपुरा, 30 अप्रैल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और



कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से कांग्रेस की नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष निशंक जैन ने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ में नियुक्तियां की हैं. इनमें रायसेन जिले के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मणिकांत श्रीवास्तव को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने मणिकांत श्रीवास्तव को बधाई दी.

# सेवानिवृत्त एसडीओपी को दी विदाई

**सिलवानी, 30 अप्रैल. थाना परिसर सिलवानी में गुरुवार सुबह एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 34 वर्ष 6 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए एसडीओपी अनिल मौर्य को विदाई दी गई. इस अवसर पर थाना सिलवानी परिवार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मस्ताना, जय बाबू जैन, सलीम काजी, वरिष्ठ समाजसेवी महेश नामदेव, हिंदू



उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, इमरान खान तथा टीआई संजीत परते सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए. वक्ताओं ने अपने संबोधन में अनिल मौर्य की प्रशासनिक दक्षता, जनता से मधुर संबंध, डोर-टू-डोर संवाद की कार्यशैली तथा अपराधियों के प्रति सख्त रवैये की सराहना की। उन्होंने कहा कि मौर्य ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनके ईमानदार और समर्पित कार्यों के कारण वे आमजन के बीच एक विश्वसनीय अधिकारी के रूप में स्थापित हुए. इस अवसर पर अनिल मौर्य ने संक्षिप्त संबोधन में सेवाकाल के अनुभव साझा किए. उन्होंने सिलवानी के नागरिकों की सहृदयता, सद्भावना एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन सलीम काजी ने किया. इस दौरान उपस्थित लोगों ने मौर्य को तिलक लगाकर, फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. समारोह में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, पदाधिकारी एवं पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

## एक नजर में



### नगर पालिका अध्यक्ष ने कराई स्वगणना

**बेगमगंज , 30 अप्रैल .** नगरपालिका परिषद अध्यक्ष संदीप लोधी एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं नगर प्रभारी सीएमओ राजेंद्र शर्मा के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे . उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों को एप के माध्यम से स्वगणना के लिए प्रेरित करते हुए उनसे ही उनके मकान की गणना करवाई . इस अभियान में करीब 100 लोगों से ही उनके मकान की गणना करवाई . स्व-गणना कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों , कमर्चारियों के अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की टीम भी जुटी हुई है .

### आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर हुआ व्याख्यान

**रायसेन, 30 अप्रैल .** म .प्र . जन अभियान परिषदके तत्वाधान में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रज भूषण तिवारी, संस्कृत भारती जिला संयोजक, कल्याणसिंह राजपूत, जिला समन्वयक रायसेन, डॉ . एच .पी . दीक्षित , प्रोफेसर संस्कृत, शंशाक शर्मा , डॉ . नीरज मालवीय द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ किया गया . मुख्यअतिथि पं . ब्रज भूषण तिवारी ने आदि गुरु के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला . उन्होंने कहा कि 'शंकराचार्य जी ने बहुत ही अल्प आयु 32 वर्ष में अपने आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाश से न केवल सनातन धर्म को पुनर्जीवित किया .

# देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले का पुतला फूंका

- एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

**बेगमगंज, 30 अप्रैल. सनातन धर्म के देवी-देवताओं एवं साधु -संतों के संबंध में अभद्र टिप्पणी करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले दामोदर प्रसाद यादव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर बागेश्वर सुंदरकांड मंडल ग्रामीण सियावास द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में कार्यवाही नहीं होने की दशा में उग्र आंदोलन की भी



चेतावनी दी गई है. ज्ञापन देने से पूर्व दामोदर यादब के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नया बस स्टैंड चौराहे पर उसका पुतला फूंका गया. इसके बाद सभी लोग रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे. एसडीएम सौरभ मिश्रा को एक ज्ञापन देकर दामोदर प्रसाद यादव के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने एवं देवी देवताओं के अपमान करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की गई है. ज्ञापन देने वालों ने को चेतावनी दी है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे.

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

- ऑनलाइन पंजीयन प्रकिया 4 मई से शुरू होगी

**रायसेन, 30 अप्रैल. शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है. प्रथम चरण के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 4 से 29 मई 2026 संचालित की जाएगी.**

इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में पंजीयन कर अपनी पसंदीदा संस्थाओं एवं पाठ्यक्रमों का चयन कर सकते हैं.पंजीयन में सुधार की सुविधा 30 से 31 मई तक उपलब्ध रहेगी. इसके पश्चात मेरिट सूची जारी होने एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित तिथियों के अनुसार पूर्ण की जाएगी.
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश दिया जा रहा है.द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 9 जून से 18 जून तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पुन: पंजीयन, संशोधन एवं चॉइस फिलिंग का अवसर दिया जाएगा.संस्थागत स्तर की काउंसलिंग (सीएलसी) के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रवेश दिया जाएगा. संस्थान में लैब, अनुभवी शिक्षक एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है.क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन कर अपने भविष्य को नई दिशा दें.अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं अथवा सीधे महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

# देवनगर में 12 मई को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा संगम मेला

**रायसेन, 30 अप्रैल.**जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 12 मई को गैरतगंज विकासखण्ड के देवनगर स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है. जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित होगा.इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, आईपीएस भोपाल, इंसुलेटर एंड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप, यश्यवी ग्रुप मण्डीदीप, सागर मेनिफेक्चर तामोट, होम हेल्प सेंटर रायसेन, हकाई सिकरोटी मण्डीदीप, आर सेठी रायसेन, वोल्वो आयशर वगरोदा, पुखराज प्रा.लि. भोपाल समर्थन ट्रस्ट भोपाल द्वारा विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी.इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है.आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है.इस अवसर पर ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं उन्हें विभिन्न स्वरोजगारमूलक विभागों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा.

**गर्मी** — सिलवानी क्षेत्र में 40 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, डॉक्टर ने दी सलाह

# सावधानी और सही खानपान से ही होगा बचाव

**सिलवानी, 30 अप्रैल. क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही गर्मी का असर सभी उम्र वर्ग पर दिखाई देने लगा है. खासतौर पर नवजात शिशु, छोटे बच्चे, गर्भवतीमहिलाएं, डायबिटीज के मरीज और बुजुर्ग इस मौसम में अधिक संवेदनशील होते हैं.**

बीएमओ डॉ. आरएस पटेल के अनुसार गर्मी में शरीर को ठंडा रखना, पानी की कमी से बचाना और संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है. गर्मी के दौरान शरीर से पानी और आवश्यक लवण तेजी से निकलते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन, हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो



सकती हैं. ऐसे में समय रहते सावधानी बरतना जरूरी है.

डॉ. पटेल के अनुसार 0 से 6 माह तक के शिशुओं के लिए मां का दूध ही सबसे सुरक्षित आहार आहार है. इस उम्र उम्र में अलग से पानी देने की जरूरत नहीं होती. शिशु को हर 1 से 2 घंटे में स्तनपान कराना चाहिए. बच्चों को ठंडी व हवादार जगह पर रखें, हल्के सूती कपड़े पहनाएं और तेज हवा से बचाएं. यदि बच्चा सुस्त हो, कम पेशाब करे या शरीर ज्यादा गर्म लगे तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें.

### छोटे बच्चों के लिए ये सावधानी जरूरी

बच्चों को दोपहर की तेज धूप से दूर रखें. उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, नींबू पानी और नारियल पानी दें. जंक फूड और अधिक मसालेदार भोजन से बचाना जरूरी है. गर्भवती महिलाओं को शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए बार-बार तरल पदार्थ लेना चाहिए. आयरन और कैल्शियम युक्त आहार लें, धूप में अधिक देर तक न रहें और पर्याप्त आराम करें.

### डायबिटीज मरीज रखें नियंत्रण

गर्मी में ब्लड शुगर का स्तर असंतुलित हो सकता है . ऐसे में नियमित जांच, समय पर दवा और संतुलित आहार जरूरी है . मीठे पेय पदार्थों से बचते हुए सादा पानी, छाछ और हेल्दी ड्रिंक्स का सेवन करें . सामान्य लोगों के लिए भी जरूरी सावधानी में गर्मी में सुबह हल्का व्यायाम, दिनभर पर्याप्त पानी पीना, हल्का भोजन करना और धूप से बचाव जरूरी है . आहार में तरबूज, खीरा, ककड़ी, दही, छाछ और हरी सब्जियां शामिल करें . डॉ . पटेल का कहना है कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत संपर्क करें . गर्मी को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, इसलिए सतर्क रहकर ही सुरक्षित रहा जा सकता है .

**गाय वापस मांगने पर विवाद**

# 2 भांजों ने मामा को लोहे की रॉड से मारकर किया घायल

- सलामतपुर थाने के मादा गांव की घटना

**सलामतपुर, 30 अप्रैल. सलामतपुर थाना क्षेत्र के मादा गांव में बुधवार देर रात गाय वापस मांगने के मुद्दे पर मामा-भांजों में मारपीट हो गई. दोनों भांजों ने मिलकर मामा को लोहे की रॉड और डंडे हाथ पैर में मारकर गंभीर चोटें पहुंचा दी.**

मामा घायल हो गया. पुलिस के अनुसार फरियादी हरप्रसाद सेन निवासी मादा गांव बुधवार रात लगभग 9 बजे घर पर बैठे थे .तभी उनके भांजे हरिनारायण सेन और सुनील सेन आए और गाय वापस



मांगने लगे. हरप्रसाद ने कहा कि यह गाय उनकी बहन हकको बाई ने दो साल पहले उन्हें दान में दे दी थी.अब जब गाय दूध देने लगी है तो में उसे वापस नही करूंगा. इतना सुनते ही हरिनारायण और सुनील आक्रोश में आ गए और गाली गलौच करने लगे.मना किया तो हरिनारायण ने लोहे की रॉड और सुनील ने डंडे से मारपीट शुरू कर दी.जिसकी वजह से हरप्रसाद के दोनों पैरों में चोटें आ गई.आवाज सुनकर ग्रामीण आए तो दोनों भांजे जाते समय गाय वापस नही करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए.पुलिस ने फरियादी हरप्रसाद सेन की रिपोर्ट पर हरिनारायण और सुनील के विरुद्ध मारपीट जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर है. पुलिस जांच कर रही है.

**इनका कहना है**

मादा गांव में बुधवार देर रात गाय वापस के मामले में मामा को भांजों ने लोहे की रॉड डंडे से मारकर घायल कर दिया .मामला दर्ज कर जांच में लिया है .

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर